PPMN

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र - राज्य सरकार से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जरूरी सूचना
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें 9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए | विशेषांक | E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 24 » अंक 4 » जयपुर: 23 सितंबर 2025 से 07 अक्टूबर 2025 » RNI No : RAJHIN/2002/09810 »

ब्रह्मकुमारीज एचक्यू में राष्ट्रीय मीडिया कांफ्रेंस 2025 का आयोजन

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। ब्रह्मकुमारी के मीडिया विंग राजयोग एजूकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन और प्रजापति ब्रह्मा कुमारी इश्वरीय विश्व विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आबूरोड स्थित ब्रह्मकुमारीज हेडक्वाटर के शांति कैंम्पस में समाज में 26 से 30 सितंबर 2025 तक शांति, एकता और विश्वास को बढ़ावा देने में मीडिया की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय मीडिया कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। विज्ञप्ती के अनुसार 26 सितंबर को रिसेप्शन सेशन रहेगा। 27 सितंबर को प्रातः 6.15 से रात 10 बजे तक विभिन्न सेशन और कल्चर प्रोग्राम का आयोजन होगा। 28 सितंबर को प्रातः 6.15 बजे फिजिकल एक्सरसाईज के साथ प्रारंभ कर विभिन्न विषयों पर वन-टू-वन के चार सेशन आयोजित किए जाएंगे। 29 सितंबर को माउंट आबू के साईट सीन का कार्यक्रम रहेगा। 30 सितंबर को कार्यक्रम का समापन होगा। इस कॉन्फ्रेंस में रोजाना सभी मीडिया परसन के लिए राजयोग मेडीटेशन का सेशन रहेगा। राष्ट्रीय मीडिया कांन्फ्रेंस में सभी राज्यों के मीडिया परसन चार दिनों के लिए आबूरोड के शांति वन में उपस्थित होकर शांति, एकता और विश्वास को बढावा देने मीडिया की भूमिका पर चर्चा करेंगे।

नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क आरोग्य शिविर आयोजित

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न समाजोपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत 20 सितंबर 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नालासोपारा वसई क्षेत्र के कई लोगों ने उपचार का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन वसई विरार जिला अध्यक्ष प्रज्ञा पाटिल, महासचिव मनोज बारोट, अचोले मंडल अध्यक्ष सुनील तिवारी, महासचिव आनंद मिश्रा, सचिव मनीष ओझा, कोषाध्यक्ष अनिल शुक्ला उपस्थिति में किया गया। इसमें एक खास बात यह रही कि प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण का जन्मदिन था, सभी ने उनकी दीर्घायु की कामना की।

नरसिंह के दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग प्रमुख प्रोफेसर डॉ. ऋजुता दुबे ने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस आरोग्य शिविर का आयोजन भाजपा के नेता अमित ओम्प्रकाश दुबे ने किया।

मुख्यमंत्री ने भीलवाड़ा नगर निगम एवं हमीरगढ़ नगर पालिका में शहरी सेवा शिविरों का किया अवलोकन

शिविरों में एक ही छत के नीचे जरूरतमंदों को मिल रही है सभी सुविधाएं एवं सेवाएं

आमजन लें इन शिविरों का भरपूर लाभ, पात्र लोगों को जुड़वाने में बने मददगार : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

ब्यूरो चीफ (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आमजन को एक ही स्थान पर सरकारी सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में ग्रामीण और शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक को राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वें इन शिविरों में शामिल होकर सभी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं तथा आस-पास के जरूरतमंद लोगों को भी इन शिविरों से जुड़वाने में मददगार बनें। शर्मा भीलवाड़ा नगर निगम एवं नगर पालिका हमीरगढ़ में आयोजित शहरी सेवा शिविर के परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा की यह भूमि अपनी समृद्ध परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही, यहां के योद्धाओं और संत-महात्माओं की वीरगाथा आज भी हमें प्रेरणा देती है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की दुनिया के मानचित्र पर बनी एक नई पहचान : शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शुरू किए गए सेवा पखवाड़ा के तहत इन शिविरों का आयोजन किया जा

रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के तौर पर मनाने का जो संदेश दिया है, वह केवल राजनीति का नहीं बल्कि समाजसेवा का मार्ग है। उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया के मानचित्र पर एक नई पहचान बना रहा है। देश आज जीडीपी ग्रोथ रेट, डिजिटल इकॉनोमी, स्टार्टअप इकोसिस्टम सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। निवेश अनुकूल नीतियों के कारण विदेशी कंपनियां भी भारत में व्यापार एवं निवेश कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं बाबा भीमराव अम्बेडकर की अंत्योदय की अवधारणा को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं, जिससे अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का फायदा मिले तथा उनका जीवन स्तर ऊपर उठें।

बालिका शिक्षा से समाज और देश प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ता है

विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह में 350 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा ने अलवर जिले के प्रताप ऑडिटोरियम में विप्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं काउंसलिंग सत्र का शुभारम्भ कर 350 विप्र प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं और युवाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बालिका शिक्षा से समाज और देश तेजी से प्रगति करता है, अतः बेटियों को बेटों के समान शिक्षा व अवसर प्रदान किये जाएं।

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार हर वर्ग को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा मुहैया कराने हेतु कटिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम के संयोजक पीयूष पंडित ने बताया कि विप्र फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में शिक्षा, कौशल विकास और प्रतिभाओं को पहचान दिलाना है। इसी कड़ी में आज 350 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें महिलाएं, विद्यार्थियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे शामिल रहे। सम्मान समारोह के साथ-साथ आयोजित काउंसलिंग सत्र में विशेषज्ञों ने युवाओं को करियर मार्गदर्शन दिया और सफलता के लिए सकारात्मक सोच, मेहनत तथा लक्ष्य निर्धारण की अहमियत पर प्रकाश डाला।

वन राज्यमंत्री ने प्रतिभावान सम्मान समारोह में 400 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

प्रतिभावान बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर देश की तरक्की में दे अपना अहम योगदान : वन राज्य मंत्री

ब्यूरो (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा ने अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति अलवर के तत्वाधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं गोद-भराई व सगाई कार्यक्रम में शिरकत कर समाज के 400 प्रतिभावान बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित

करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह के माध्यम से समाज के प्रतिभावान बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, साथ ही उनके माता-पिता एवं गुरुजनों को भी प्रोत्साहन मिलता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पंचतीर्थ को विकसित एवं संरक्षित करने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना के साथ मौलिक अधिकार देने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब का कहना था कि जो समाज पढ़ेगाए वह आगे बढ़ेगा और जो समाज आगे बढ़ेगा वह देश की तरक्की में अपनी महती भूमिका अदा करेगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर समाज की सभी प्रतिभाएं विशेषकर बेटियां आगे बढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के बधाई संदेश का भी पठन किया।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री यादव को धन्यवाद दिया की समाज की बालिकाओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व में छात्रावास निर्माण हेतु 50 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई।

जयपुर में रावत ग्रुप ऑफ कालेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। रावत ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रांगण में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आगाज संस्था के चेयरमैन बीएस रावत, संस्था के संरक्षिका निर्मला रावत एवं मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी नवीन जैन, आईपीएस अधिकारी पंकज चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम मे विभिन्न संस्कृतियों से जुड़े रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्था के

चेयरमैन बीएस रावत ने नवआगन्तुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। इसी क्रम मे आईएएस एंव आईपीएस अधिकारियों ने नवआगन्तुक छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम के लिए प्रेरित किया।

रावत महाविद्यालय के निदेशक हेमेन्द्र सिंह रावत, नरेंद्र सिंह रावत, डॉक्टर कल्पना रावत ने नवआगन्तुक विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। नरेंद्र सिंह रावत ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए मेहनत और अनुशासन सबसे बड़े साधन हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि गजानन्द ने अपनी ओजस्वी वाणी मे कविताओं द्वारा युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी एंव भविष्य मे आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। फ्रेशर्स पार्टी मे विभिन्न संकायों मे से शिवानी कंवर शेखावत व अनुराधा लखनोत को मिस फ्रेशर्स तथा क्षितिज माथुर को मिस्टर फ्रेशर्स चुना गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था निदेशक डॉ कल्पना रावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

देश के सभी राज्यों में ड्रिपबॉल खेल होगा लोकप्रिय : चित्तोड़िया

राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रोग्राम का हुआ सफल आयोजन

ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका

मथुरा। ब्रजस्थली मथुरा में रियल इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय ड्रिपबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भारत के 9 राज्यों जिनमें महाराष्ट्र, राजस्थान, बंगाल, तेलंगाना, दिल्ली, गोवा, केरल, तमिलनाडु व उत्तर प्रदेश के प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर में ड्रिपबॉल खेल के बारे में जानकारी दी गयी और साथ ही स्कूल के रिक्रतड्रियों द्वारा प्रदर्शनी ड्रिपबॉल मैच खेला गया। इस मौके पर ऑल इंडिया ड्रिपबॉल एसोसिएशन एवं राजोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द चित्तौड़िया ने कहा शिविर के माध्यम से राष्ट्रीय प्रशिक्षक आज बनाये गए है, जो भारत के सभी राज्यों मै जाकर ड्रिपबॉल खेल के बारे में प्रचार-प्रसार कर खेल को लोकप्रिय करेंगे। शिविर में आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन स्थल पर भी चर्चा हुई जिसकी जिम्मेदारी महाराष्ट्र राज्य को दी गयी। इस आयोजन में ड्रिपबाल खेल के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह, महाराष्ट्र व पश्चिमी भारत प्रभारी मानसिंह, सुभाष, उ प्र से अनुपम व जमील, कीर्ति, सुदेश, गोवा से अन्योनी, आदित्य, केरल से मनोज, सुमित, बंगाल से रोहित, दिल्ली से मुनेश, तेलंगाना से रमेश व तमिलनाडु से आबिल कार्यक्रम के आयोजन सचिव किशन सिंह रहे।

आत्मनिर्भर भारत से ही पूरा होगा जगदगुरू बनने का सपना : मोहन मांझी

भारतीय भाषाएं बचेंगी तो बचेगा भारत : प्रो संजय द्विवेदी

ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका

भुवनेश्वर। उड़ीशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण मांझी का कहना है कि आत्मनिर्भर भारत ही स्वदेशी के संकल्प और भारत के जगद्गुरू बनने का सपना पूरा करेगा। वे यहां उड़िया दैनिक ष्निर्भरष् के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा विकसित भारत हमारा साझा सपना है, सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो इसे कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय जन संचार संस्थान आईआईएमसी के पूर्व महानिदेशक प्रोफेसर संजय द्विवेदी ने कहा कि भारतीय भाषाएं बचेंगी तभी भारत बचेगा। उनका कहना था किसी भी देश ने पराई भाषा में न तो प्रगति की है, न ही मौलिक विचार इसरो उपजते हैं। इसलिए भारतीय भाषाओं के उत्थान से ही हमारी कला, साहित्य, संस्कृति, सिनेमा, रंगमंच और प्रदर्शन कलाएं संरक्षित रहेंगी। उन्होंने कहा कि स्वराज लाना है तो स्वदेश बनाना भी होगा, तभी स्वदेशी के आधार पर देश खड़ा होगा। प्रोफेसर द्विवेदी ने कहा कि हमने वसुधा को कुटुम्ब माना पर आज तो हमारे परिवार भी

खतरे में हैं। परिवार नहीं बचे तो मूल्य और संस्कृति दोनों नहीं बचेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सत्य सुंदर बारीक, संपादक नवीन दास ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष जय नारायण मिश्रए पूर्व वित्त मंत्री प्रफुल्ल घढ़ेई, पूर्व कृषि मंत्री अमर प्रसाद सत्पथी, उड़िया फिल्म अभिनेत्री पिंकी प्रधान, साहित्यकार गौरहरि दास, भाजपा प्रवक्ता रूज्जन शर्मा उपस्थित रहे। संचालन संबित महापात्रा ने किया।

307 फार्मासिस्ट का हुआ पदस्थापन

ब्यूरो चीफ अंबुल सिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

मथुरा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग रिक्त पदों पर भर्ती एवं पदस्थापन के कार्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग ने 307 फार्मसिस्ट को अस्थाई रूप से प्रदेशभर में विभिन्न रिक्त पदों पर पदस्थापित किया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि पदस्थापित अभ्यर्थियों में से 288 को गैर अनुसूचित क्षेत्र व 19 को अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थापित किया गया है।

उप मुख्यमंत्री बैरवा ने जीएसटी रिफॉर्म्स का लाभ उपभोक्ता तक पहुंचाने का निवेदन किया

व्यापारी बोले हम भी उपभोक्त हैं, सुधारों से सबसे ज्यादा खशी हमें है, शिकायत का मौका नहीं देंगे

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

दूदू। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचन्द बैरवा ने दूदू विधानसभा क्षेत्र में व्यापारियों, वेंडरों एवं उपभोक्ताओं के साथ संवाद कर जीएसटी बचत उत्सव के बारे में संवाद किया तथा इन सुधारों का लाभ उपभोक्ता तक पहुंचाने का व्यापारियों से निवेदन किया। सभी ने डॉ बैरवा को इस उत्सव की बधाई दी तथा बताया कि व्यापारी भी उपभोक्ता हैं, उन्हें भी अपना घर चलाना होता है। रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं के दाम कम होने से उन्हें बचत होगी और वे अपने बच्चों के भविष्य और बेहतर शिक्षा पर ज्यादा खर्च कर पाएंगे ज्यादा निवेश कर पाएंगे। डॉ बैरवा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा किए

गए ऐतिहासिक जीएसटी रिफॉर्म्स की दुनियाभर में चर्चा है। इससे हमारा उपभोक्ता, व्यापारी और उद्योगपति ज्यादा सशक्त होगा और वे देश के विकास में बेहतर योगदान दे पाएंगे। इस नवरात्रि के मौके पर दोहरी खुशियां लाने के लिए हम सभी प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने जीएसटी के नएस्लैब से दैनिक जीवन में काम आने वाले सामान, ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के कर में हुई कमी के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस दौरान व्यापारियों ने निवेदन किया आपकी दुकानों में स्वदेशी सामान ही बिके। इस अवसर पर नए वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को शुभकामनाएँ दी। उपमुख्यमंत्री ने इन सुधारों के लागू होने पर प्रधानमंत्री को बधाई प्रेषित की एवं व्यापारियों और आमजन से माननीय प्रधानमंत्री का संदेश साझा किया। साथ ही, इस उत्सव को पूरे उत्साह और सहभागिता के साथ मनाने का आह्वान किया।

श्रीकन्या सदाचार उ. मा. विद्यालय
अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सह शैक्षणिक संस्था
आकड़ू शर्मा, बनीपार्क, जयपुर - फोन : 0141-2202026
विशेषताएँ :-
प्रतिष्ठित, समर्पित एवं अनुभवी स्टॉफ
अत्याधुनिक पुस्तकालय
सुसज्जित प्रयोगशालाएँ
विशाल क्रीड़ा प्रांगण
छात्रवृत्ति सुविधा (कराद)
छात्राध्यापकाध्यापन (शिक्षारी के रास्ते में) विद्यार्थियों का द्वारा शासन में चयन (6th to 8th" कक्षा पास/फेल रोकू कुछ।
पौष्टिक आपको कक्षा में, स्वस्थ व खुला वातावरण
75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मौनसून विशेषकुछ
वाहन सुविधा उपलब्ध
प्रवेश प्रारंभ
Sadachar Public School
Nursery, LKG, UKG & 1st to VIIIth

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें-
संपादक,
परिष्कार पत्रिका,
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-302006
मो. 9314407796
parishkarpatrika@gmail.com
अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

PRIME TRACK
Trackon
Couriers Pvt. Limited
अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -
शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.
शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। सभी पाठकों को नवरात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं। माँ जगदम्बा अष्टभुजा से आपको आठों सिद्धियाँ प्रदान करें, आपकी मनोकामना को पूर्ण करते हुए नव निधि से आपके भण्डार भरे। देश का हर व्यक्ति अपने अपने हिसाब से जीवन बिताना चाहता है, हर व्यक्ति का सोचने का अपना तरीका है, हर व्यक्ति की अपनी इच्छाए व आनंद होता है। कुछ लोग प्रतिष्ठा व सम्मान के साथ सर उठाकर जीना चाहते है, तो कुछ थोडे से लालच व मजबूरी में सिर झूकाए जीना चाहते है। कुछ अपने स्वाभिमान के साथ हर प्रलोभन को ठोकर मार देते है, तो कुछ थोडे से पैसों और शराब के लिए अपने अधिकार, सम्मान और स्वतंत्रता को गिरवी रख देते है, हमे अपने स्वाभिमान, स्वतंत्रता, अधिकार, प्रतिष्ठा को सदैव उच्च स्थान पर रखना चाहिए। अपनी पहचान एक मजबूत शख्सियत के रूप में स्थापित करते हुए अपने व्यक्तित्व को एक जिंदा व्यक्ति के रूप में स्थापित करना चाहिए। बेहतर चरित्र स्वच्छ और स्वच्छ व्यक्तित्व के साथ जीवन हमारा है इसे कैसा बनाना हैं हमे निर्धारित कर उसे वैसा ही बनाने का प्रयास करना चाहिए। अन्यथा हमारे बच्चे व रिश्तेदार हमारे रिश्ते की पहचान छुपाए सिर झूकाए खडे रहेंगे। इसलिए कहा है कि जिन्दगी हमारी है चाहे गलत लोगो के साथ रहकर बिगाड़ ले या अच्छे लोगों के सानिध्य मे रहकर उसे निखार ले ये हमारे हाथ में है। हम जिस भी तरह से सक्षम है उसका उपयोग परिवार के साथ साथ समाज के लिए भी किया जाना चाहिए। तभी उसकी सार्थकता सिद्ध होगी।

जय हिंद। जय भारत।।

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ मंजू बाघमार ने जेकेके में 21 से 30 सितंबर तक चलने वाले राज्य स्तरीय अमृता हाट का किया उद्घाटन

अमृता हाट महिला स्वयं सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में उभर रहा है : महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री

परिष्कार पत्रिका जयपुर। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ मंजू बाघमार ने मुख्य अतिथि के रूप में रविवार को निदेशालय महिला अधिकारिता द्वारा जवाहर कला केंद्र के दक्षिण परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय अमृता हाट 21 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेंद्र सोनी, महिला अधिकारिता विभाग की आयुक्त नीतू राजोबर सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री डॉ मंजू बाघमार ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आत्मनिर्भर राजस्थान की परिकल्पना को साकार करते हुए अमृता हाट छोटी महिला उद्यमियों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तीकरण के प्रतीक के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों की प्रतिभा को मंच प्रदान कर उन्हें आर्थिक सशक्तीकरण की मुख्यधारा से जोड़ना है। डॉ बाघमार ने कहा कि इस राज्य स्तरीय अमृता हाट में राजस्थान के सभी जिलों की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित आकर्षक हस्तनिर्मित उत्पादों का विक्रय के लिए प्रदर्शन किया गया हैं।

उन्होंने मेले में प्रदर्शित स्टॉल्स का अवलोकन किया और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की खरीदारी कर उसका और यूपीआई से भुगतान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय अमृता हाट में 165 स्टॉल्स लगाई गई हैं, जिन पर हैंडीक्राफ्ट, कश्मीदाकारी, लाख की चूड़ियां, पेपरमैशी आइटम, टेराकोटा, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, बुनाई एवं जूटवर्क, कांसा एवं पीतल वर्क, मसाले, आचार, पापड़ तथा अन्य हस्तशिल्प उत्पाद उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि मेला परिसर में आगंतुकों के लिए स्वादिष्ट समोसाए तंदूरी चाय, कॉफी, आइसक्रीम एवं अन्य लज़ीज़ व्यंजन भी उपलब्ध हैं।

उल्लेखनीय है कि जयपुरवासी इस हाट का हर वर्ष बेसब्री से इंतज़ार करते हैं। यहां मिलने वाले उत्पाद ग्रामीण महिलाओं के हुनर और परंपराओं की अनूठी झलक प्रस्तुत करते हैं।

मुख्यमंत्री ने महारानी फार्म-मानसरोवर लिंक ब्रिज के नवीनीकरण कार्य का किया लोकार्पण, आवागमन में सुविधा

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मानसरोवर क्षेत्र में महारानी फार्म-मानसरोवर लिंक ब्रिज के नवीनीकरण कार्य का फीता खोलकर लोकार्पण किया। लगभग 6 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुलिया के नवीन निर्माण कार्य के अंतर्गत बॉक्स कल्वर्ट पद्धति से इसकी ऊंचाई 2 मीटर तक बढ़ाई गई है। इससे वर्षाकाल में पुलिया पर द्रव्यवती नदी के जल का बहाव नहीं होने से पुलिया पर यातायात सुचारू होगा तथा आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि दुर्गापुरा टोंक रोड क्षेत्र को मानसरोवर से जोड़ने वाली यह पुलिया महारानी फार्म एवं अग्रवाल फार्म के मध्य द्रव्यवती नदी पर स्थित है। पूर्व में इस पुलिया की ऊंचाई कम होने के कारण वर्षाकाल में नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बहकर निकलता था, जिससे यातायात अवरूद्ध हो जाता था। आमजन को इससे होने वाली परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार झाबर सिंह खर्रा, नगर-निगम गेटर उप-महापौर पुनीत कर्णावट सहित जेडीए एवं संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

जनता को गुमराह करने के लिए विपक्ष केवल फैला रहा है भ्रमजाल, भ्रामक और तथ्यहीन सूचनाएं

भजनलाल सरकार संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिए कर रही है कार्य : मदन राठौड़

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा की भजनलाल सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और जनसेवा को लेकर अशोक गहलोत तथा विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही भ्रामक एवं तथ्यहीन सूचनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। राठौड़ ने कहा कि जनता को गुमराह करने के लिए विपक्ष केवल प्रचार और भ्रमजाल फैला रहा है, जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपने शासन काल के दौरान की नाकामियां याद होनी चाहिए, जब भ्रष्टाचार, अपराध, बजरी और शराब माफियाओं को खुली छूट मिली थी। अब जब भाजपा सरकार ईमानदारी से कार्य कर रही है, तो उन्हें अपनी ज़मीन खिसकती दिख रही है। भाजपा और राज्य सरकार जनहित को सर्वोपरि रखती है। यदि कहीं समस्या है, तो सरकार खुले मन से उसे सुधारने को तैयार है, लेकिन विपक्ष द्वारा गढ़ी गई कहानियों और नकारात्मकता का जवाब जनता लगातार उपचुनावों में दे रही है और आगामी निकाय एवं पंचायत चुनावों में स्वयं देगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी सरकार विकसित राजस्थान के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनेक नए मेडिकल कॉलेज, सीएचसी, पीएचसी में संसाधनों की उपलब्धता और डॉक्टरों की नियुक्तियां की जा रही हैं। मरीजों को मुफ्त इलाज, दवाइयों और जांचों की सुविधा देने के लिए आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। वहीं किसानों को फसल क्षति पर मुआवज़ा मिलना शुरू हो चुका है, और जिलों में ऑनलाइन वेरिफिकेशन सिस्टम से पारदर्शिता लाई गई है। गोशालाओं और पशुपालकों के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। पशु आहार की आपूर्ति को नियमित किया गया है। नरेगा के भुगतान में पिछली सरकार की लापरवाही से देरी हुई थी, जिसे अब सुधारा जा रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बोला कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने विशेष स्क्वाड, फास्ट ट्रेक कोर्ट और 24 घंटे महिला हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएं सक्रिय की हैं। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है, किसी भी अपराधी को राजनीतिक संरक्षण नहीं है, जैसा कि कांग्रेस सरकार में होता था। पेपरलीक माफियाओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और उनकी संपत्तियों के पीछे पहुंचा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री जनसुनवाई, ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों और आपका विधायक, आपके द्वार जैसी योजनाओं के ज़रिए सीधे जनसंवाद हो रहा है। भाजपा के विधायक, जनप्रतिनिधि और नेगी जनता के बीच हैं, न कि एसी कमरों में बैठकर ट्विटर जनहित कर रहे हैं। विपक्ष का एजेंडा सिर्फ और सिर्फ भ्रम फैलाने का है वो इसके अलावा कुछ नहीं कर पा रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत और कांग्रेस पार्टी कन्हैयालाल जैसे निर्दोष नागरिक की हत्या पर भी घिनौनी राजनीति कर रही है। गहलोत को यह साफ करना चाहिए कि जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, तब आखिर क्यों कन्हैयालाल की हत्या को रोकने में पुलिस और खुफिया एजेंसियाँ नाकाम रहीं। आपकी नाकामी के कारण एक निर्दोष दर्जी को बिनदहाड़े जिहादियों के मौत के घाट उतार दिया था। अब तीन साल बाद आप प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते। कांग्रेस ने हमेशा आतंकवाद और कट्टरपंथ के मुद्दे पर ढुलमुल रवैया अपनाया है। कांग्रेस ने पूरे घटनाक्रम में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की जगह तुष्टिकरण की नीति अपनाई। यही कांग्रेस का असली चेहरा है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी आतंकवाद और चरमपंथ के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग हैं। जनता अब कांग्रेस के पाखंड को समझ चुकी है। राजस्थान की धरती पर कांग्रेस का झूठ और तुष्टिकरण एक साथ नहीं चलेगा।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत जिले में आयोजित हो रहे है शिविर

बड़ी संख्या में महिलाओं को मिल रहा है उपचार

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जिले में गत 17 सितम्बर 2025 से प्रारम्भ हुए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाओंका उपचार किया जा रहा है। शिविर समस्त उप जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों पर आगामी 02 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयोजित हो रहे शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाएं लाभ ले रही हैं। जिले में शिविरों में महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों के लिए विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। महिला स्वास्थ्य जांच उच्च रक्त चाप, मधुमेह, एनीमिया, टीबी, कैंसर ओरल ब्रेस्ट एवं सर्विकल की जाँच की जा रही है। मातृ एवं शिशु देखभाल प्रसव पूर्व एवं पश्चात् जाँच, बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शिविरों में माँ योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन एवं आयुष्मान भारत कार्ड बनाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य कियोस्क पर एनसीडी स्क्रीनिंग, कैंसर स्क्रीनिंग, मातृ-शिशु देखभाल, पोषण परामर्श, आयुष सेवाएं रक्तदान एवं टीबी जांच जैसी सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि शिविरों में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजिशियन एवं आयुष चिकित्सकों की सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रमुख उद्देश्य महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना, गैर-संचारी रोगों, कैंसर, एनीमिया, टीबी एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग पर फोकस, मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण को बढ़ावा देना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एएनसी जाँच व टीकाकरण को प्रोत्साहन एवं समुदाय को स्वास्थ्य जागरूकता से जोड़ना है।

बुजुर्गों की सेवा सुरक्षा सम्मान संकल्प के साथ पितृ यज्ञ पखवाड़े की पूर्णाहुति सम्पन्न

वृद्धों की उपेक्षा से मृत्यु भय दुर्भिक्ष सेवा सम्मान दिलाता आयु, विद्या, यश और बल : यश

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। निराश्रित जनों की सेवा के साथ संस्कारित पीढ़ी निर्माण को समर्पित ओउमाश्रय सेवा धाम में आज सर्व पितृ अमावस्या पर पितृ यज्ञ पखवाडे की पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। संचालन सहयोगी भगवान दास गर्ग के अनुसार वैदिक चिंतक ओउमाश्रय संस्थापक यशपाल यश ने वैदिक मंत्रों से आहुतियां दिलवाई।

इस अवसर पर यश ने उपस्थित जनसमूह को घरों में बुजुर्गों की सेवा सुरक्षा सम्मान करने और कराने का संकल्प कराया। यश ने वेद मंत्रों की व्याख्या करते हुए कहा कि जहां अपूज्यों का सम्मान तथा पूज्यनीयों का तिरस्कार होता है वहां मृत्यु भय दुर्भिक्ष पनपते हैं। यश ने कहा कि जो इनकी सेवा, सुरक्षा, सम्मान करते हैं उन्हें आयु, विद्या, यश और बल मिलता है। यश ने कहा कि पितरों के अधूरे कार्य पूरे करने उन्हें आगे बढ़ाने वाला ही पुत्र कहाता है। इस अवसर पर प्राचार्य रहे बाबुदेव शर्मा, विमला शर्मा, अमन जैन, डॉ अविल जैन रेखा शर्मा, नवीन नैगैवाल, एडवोकेट रवि वंशल सुश्री जानवी तेज कौल ऊषा कौल, इंद्रस्त्री, पूजा खत्री, देवराज बैरवा, आशा देवी, संजय सैनी, लक्की बिहू मनीष गुप्ता, कृष्ण गोपाल गुप्ता, राधे कपूरिया, अमन सहित सैंकड़ों ने आहुतियां दी संकल्प लेकर गौसेवा कर निराश्रित जनों को भोजन प्रसादी वितरण में भाग लिया।

जीआईटी जयपुर में माईकल कैथलीनों भारत गौरव अवार्ड 2025 से सम्मानित

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। कैथलीनों आई फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष माईकल कैथलीनों को सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जयपुर सीतापुरा में जीआईटी के सभागार में भारत गौरव अवार्ड - 2025 से सम्मानित किया गया। एहसास चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में संस्कारों से स्वाभिमान तक के अन्तर्गत भारत गौरव अवार्ड -2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सौम्या गुर्जर महापौर जयपुर नगर निगम ग्रेटर, संस्था के संस्थापक रणजीत कुमार ने कैथलीनों आई फाउंडेशन के अध्यक्ष माईकल कैस्टिलीनों को साफा पहनाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह और प्रतीक चिन्ह देकर भारत गौरव अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं ने सांस्कृति कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों को आनंदित किया। परिष्कार मीडिया नेटवर्क के निदेशक रविसिंह किरार सहित गणमान्य नागरिक और संस्था पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्कूल और कॉलेज स्टूडेंट्स को स्टेट बैंक दे रहा है 20 लाख तक की स्कॉलरशिप

कार्यालय संवाददाता भवानी सिंह/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। भारतीय स्टेट बैंक की सीएसआर ब्रांच एसबीआई फाउंडेशन ने अपनी प्लेटिनम जुबली आशा स्कॉलरशिप के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य देशभर के गरीब और वंचित पृष्ठभूमि के 23,230 मेधावी छात्रों को सशक्त बनाना है। इसके साथ ही युवाओं को पढ़ाई के लिए करना है। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2026 में स्कॉलरशिप के लिए 90 करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया है। एसबीआई स्कॉलरशिप उन छात्रों के लिए सुनहरा मौका है जो पढ़ाई में अच्छे हैं, लेकिन संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं।

स्कॉलरशिप राशि : ये सकॉलरशिप कक्षा 9 से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन कार्यक्रमों तक के छात्रों को कवर करती है। जो भी छात्र इसके लिए चुना जाता है, उसके पाठ्यक्रम के पूरा होने तक हर साल ये ब्रांच 15,000 से 20,00,000 रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

किसे मिल सकती है स्कॉलरशिप : कक्षा 9-12 तक के विद्यार्थियों, एसआईआरएफ के टॉप 300 या एनएएसी , रेटेड संस्थानों या कॉलेजों में ग्रेजुएशन और पोस्टग्रेजुएशन के विद्यार्थी, आईआईटी और आईआईएम के छात्र, मेडिकल कोर्स कर रहे विद्यार्थी, विदेश में पढ़ाई करने की इच्छा रखने वाले छात्र-छात्राएं।

कहां भर सकेंगे फॉर्म : आवेदन विंडो 15 नवंबर, 2025 तक खुली रहेगी। छात्र आधिकारिक पोर्टल sbi-ashascholarship.co.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पात्रता विवरण और सभी जानकारियां वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

स्कॉलरशिप के लिए क्राइटेरिया : आवेदक भारतीय नागरिक होने चाहिए, आवेदकों को पिछले शैक्षणिक वर्ष में कम से कम 75 प्रतिशत अंक या 7.0 सीजीपी, प्राप्त करना होगा। स्कूली छात्रों के लिए पारिवारिक आय 3 लाख रुपये या उससे कम होनी चाहिए, कॉलेज के छात्रों के लिए पारिवारिक आय 6 लाख रुपये या उससे कम होनी चाहिए।

एसबीआई के अध्यक्ष ने कही ये बात : इस पहल के बारे में बात करते हुएए भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष, चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा, इस वर्ष अपनी प्लेटिनम जयंती समारोह के अवसर पर, हमें एसबीआई प्लेटिनम जुबली आशा छात्रवृत्ति शुरू करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है। इस पहल के माध्यम से, हम भारत के 23,230 प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं को, जो साधारण पृष्ठभूमि से हैं, सहयोग प्रदान करेंगे, उनकी आकांक्षाओं का पोषण करेंगे और उन्हें अपनी पूरी क्षमता का एहसास कराने में सक्षम बनाएंगे।

राजस्थान स्कूटी योजना आवेदन 31 अक्टूबर तक

संवाददाता प्रेमरतन/ परिष्कार पत्रिका

अनूपगढ़। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना राजस्थान सरकार के द्वारा राजस्थान की मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान करती है, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने और स्वतंत्रता से आवागमन में मदद मिलती है। इसके लिए 23 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2025 तक भरे जा सकते है।

फार्म पात्रता : विद्यार्थी राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए, जिसकी पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम हो, छात्रा के 12वीं कक्षा में अच्छे अंक आरबीएसबी में 65 प्रतिशत से अधिक और सीबीएस में 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किए हों।

इसके लिए आवश्यक दस्तावेज़ : विद्यार्थी को अपना आधार कार्ड अपडेट, जनआधार कार्ड अपडेट, 10वी या 12वीं की अंकतालिका, आय प्रमाण-पत्र 2025, मूल निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, फोटो/साइन, एसएसओ आईडी एक्टिव, मो नम्बर / जीमेल एड्रस भेजना होगा। आवेदन ऑनलाईन भरे जा रहे हैं।

समाज के जन प्रतिनिधि समाज के विकास के लिए अपनेआप को बदले

अपनी-अपनी ढ़फली, अपनी-अपनी राग : विजय सिंह

विजय सिंह किरार
सामाजिक कार्यकर्ता एवं संपादकीय सलाहकार

हाल ही में पिछले कुछ समय से हर अंक में हमने समाज के पदविमुक्त पदाधिकारियों से अवगत कराया जो अपने आप का वर्चस्व रखने के लिए नित नए प्रयास कर रहे हैं। जिनका समाज सुधार या समाजिक विकास के दूर-दूर तक कोई सरोकार नज़र नहीं आ रहा है। पिछले अंक में हमने बताया था कि श्रीयानका समाज विकास समिति हथरोई बावड़ी जयपुर के पदाधिकारी समिति के चुनाव को लेकर ज्यादा गंभीर नहीं हैं बल्कि वे अपने अंहकार से वशीभूत होकर वे समाज के आमजन से खिलवाड़ करने पर आमाद हो रहे हैं। पद पर बने रहने की लालसा और चर्चित रहने की महत्वाकांक्षा के चलते अब एक और नई संस्था के गठन की तैयारी है। ये ठीक वैसा ही है जैसे अपने किसी कार्य पर पर्दा डालकर सामने वाले का ध्यान दूसरी तरह करना। समाज में ऐसे जिल तीस-चालीस लोगों की बात करते जो अपने आप को अस्तित्व में रखने के लिए समाज की संस्थाओं को मृत प्राय कर अपने आप को जीवत रखना चाहते है। समाज में ऐसे बहुत से कार्य अनेक गणमान्य लोगे ने किए जो उस संस्था के माध्यम से एक ही कार्यक्रम रहा उसके बाद संस्था के पदाधिकारी बदल गए और संस्था ढेर हो गई।

अब जो पदाधिकारि हथरोई विकास समिति से जुडें है वे नई संस्था गठन कर अपने आप को जीवत करने में जुटे और श्रीयानका समाज विकास समिति हथरोई बावड़ी जयपुर हथरोई में ढेर हो रही है। समिति के सभी पदाधिकारी अपने पहचान स्थापित करने में और अपने को सही साबित करने में लगे है।

समाज के आमजन से यही कहना चाहुंगा कि नित नई संस्था का गठन कर, समाज के चुनिंदा लोगों पर आर्थिक भार डालकर अपनी वाहवाही लेने में समाज का विकास कहां और कैसे है। बहुत कम संस्थाएं है जिन्होंने सरकारी राशी से समाज के विकास में कदम बढ़ाया। अन्यथा जितनी भी संस्थाएं बनी सभी ने समाज के आमजन पर ही आर्थिक भार बढ़ाया। ऐसे में समाज का विकास कब होगा। समाज में सामूहिक विवाह के लिए प्रदेश में अनेक संस्थाएं कार्य कर रही है। जिन्होंने समय-समय पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किए है। लेकिन मेरी दृष्टि में ऐसी एक भी संस्था नहीं जिसके पदाधिकारियों ने विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले जोड़ों को सरकार से मिलने वाली राशी दिलाई हो। ये सभी संस्थाएं समाज के ही लोगों से राशी एकत्रित कर अपना अपना नाम आगे कर रही हैं फिर खुद ही संस्था के अलग होकर संस्था को ढेर कर रही है। ऐसी बहुत सी संस्थाएं है।

मैं आमजन से यही कहना चाहुंगा कि हमारा समाज बहुत विशाल और मजबूत है। जिसे हमारे ही जन प्रतिनिधी छोटा और कमजोर करने का कार्य कर रहे है। उनकी रीति-नीति समाज हित में हैं ही नहीं। सभी अपनी-अपनी ढ़फली अपनी-अपनी राग को चरितार्थ कर रहे हैं। लाखों की तादाद में निवास कर रहे समाजवासियों के वोटिंग के समय मात्र कुछ हजारों वोटर की लिस्ट जारी की जाती है। अभी तक किसी भी संस्था ने समाज के सदस्यों की सही गणना नहीं की है। फिर हम 20-25 लोगों को लेकर नई संस्था का गठन करते है और आपस में समाज का ही धन राशि काम में लेते है। जबकी होना तो यह चाहिए कि हम अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ समाजवासियों को दिला पाएं। सरपंच, पार्षद, विधायक, सांसद के कोष से अधिक से अधिक समाज की सम्पतियों का जीर्णोद्धार कर उन्हें व्यवसायिक कार्यों उपयोगी बनाएं ताकि समाज के विकास के लिए हमें आपसे में धनराशि एकत्रित नहीं करनी पड़े। जब एक पदाधिकारी एक संस्था में ठीक से कार्य नहीं कर रहा तो उसे आमजन दूसरी संस्था का पदभार क्यों सौंप रहा है।

वैसे देखा जाए तो समाज के आमजन बहुत सीधे और सरल है। वे समाज की हर संस्था द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है, उसमें आर्थिक सहयोग भी करते है। ऐसा कई बार देखने में आया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी आमजन के लिए भोजन कि जिम्मेदारी अकेले व्यक्ति ने ली और उस जिम्मेदारी को इमानदारी से निभाया भी। लेकिन आमजन, समाज के चुनिंदा लोगों की नियत और नीति को पहचान ही नहीं पाते। जिसका ये तीस-चालीस लोग भरपूर फायदा उठाते है और उठा रहे है। ये सोश्यल मीडिया अपनी स्वयं की थोथी वाहवाही बटोर रहे है। जिसका वास्तविकता कोई सरोकार नहीं है। सोश्यल मीडिया पर बने सैंकड़ो ग्रुप तो ऐसे जिसका बनाने का उद्देश्य जो था वो बनने के बाद ढेर हो गया। समाज के ग्रुपों में एकदूसरे की आलोचना, विरोध के बजाए तर्क-वितर्क होने चाहिए। जो शिक्षा और ज्ञान के अनुसार होते हैं। जिसकी जैसी शिक्षा और जितना ज्ञान उतना ही तर्क-वितर्क कर सकता है। बहुत कम संस्थाएं ऐसी है जिनके पेपर वर्क पूरे है और वे सरकार से सहयोग ले पा रही है। ज्यादातर संस्थाएं हवा में है, जिने चुने लोग है जो अपनी पहचाए के लिए संस्थाओं को चलने ही नहीं देते। ऐसे में आमजन पहचाने और विवेक से निर्णय ले।

मुख्यमंत्री की अपील, हर घर बने स्वदेशी, आमजन गर्व से खरीदें स्वदेशी वस्तुएं

जीएसटी की बदली स्लैब से रोट, कपड़ा और मकान होंगे सस्ते, आम और खास मनाएगें जएसटी बचत उत्सव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक निर्णय से आमजन को मिलेगी सस्ती वस्तु और सेवाएं

ब्यूरो चीफ (विधि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यहसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीएसटी स्लैब में परिवर्तन के ऐतिहासिक निर्णय से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। 22 सितंबर के सूर्योदय से वस्तु और सेवाकर सुधार पूरे देश में जब प्रभावी रूप से लागू होगा, तो इसका सबसे अधिक फायदा आमजन को मिलेगा। जीएसटी की स्लैब में बदलाव से आमजन के लिए सबसे अधिक उपयोगी रोटी, कपड़ा और मकान सस्ता होगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर को विशेष रूप से व्यापारी और नागरिक जीएसटी बचत उत्सव के रूप में मनाए। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर व्यापारियों व उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों से जीएसटी रिफॉर्म पर विशेष चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीएसटी स्लैब में बदलाव का आमजन के बीच प्रचार-प्रसार किया जाए। नागरिकों को इससे होने वाली आर्थिक बचत और उसके फायदे भी बताए जाएं। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक जीएसटी रिफॉर्म के साथ ही अब व्यापारी व उद्योग संगठन देश के व आमजन की आवश्यकता की वस्तुएं देश में ही निर्मित करने के काम को नई दिशा दें। साथ ही, स्वदेशी के संकल्प को साकार बनाने के लिए आमजन भी देश में निर्मित वस्तुओं को खरीदें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी स्लैब में बदलाव का फायदा गरीब, किसान, महिला, दुकानदार और व्यापारी सहित सभी वर्गों को मिलेगा। शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के ओद्योगिक विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य कर रही है। प्रथम वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान का आयोजन कर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि उद्योगों की सुगम स्थापना के लिए राज्य सरकार आधारभूत संरचनाओं का निरंतर विकास कर रही है। बैठक में व्यापारियों व उद्योग संगठनों ने वस्तु एवं सेवाकर की स्लैब में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय एवं वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वदेशी अपनाने के प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करें : शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दे : शिक्षा मंत्री

बचत उत्सव के तहत कर भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ (विधि)/ परिष्कार पत्रिका

कोटा। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री से मदन दिलावर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरें कम करने के साथ ही जीएसटी की सिर्फ-दो स्लैब रखते हुए आमजन को राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा कम की गई जीएसटी दरों का लाभ आम उपभोक्ता तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने व्यापारी वर्ग का आह्वान किया कि जीएसटी दरों में कमी का लाभ आज से ही आम उपभोक्ता तक पहुंचाएं।

दिलावर कोटा जिले के कर भवन में जीएसटी दरों में कमी का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए जीएसटी बचत उत्सव के तहत आयोजित चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कमी कर आमजन को आर्थिक बचत का तोहफा दिया है। इस निर्णय का लाभ व्यापारी वर्ग को वस्तुएं सस्ती कर आमजन पहुंचाना होगा और व्यापारी वर्ग की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि आज से ही नई दरों का लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाएं।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि देश ने हाल ही में कई चुनौतियों का सामना किया है। पूरे विश्व ने हमारी क्षमताओं को देखा है। देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों का मुकाबला करने एवं इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करने के लिए सरकार को पैसों की जरूरत होती है जो कि करों के माध्यम से मिलता है। ऐसे में जीएसटी दरों में कमी कर आमजन को राहत देने का प्रधानमंत्री का निर्णय एक साहसिक कदम है।

दिलावर ने इस अवसर पर कहा कि हमें अपनी जरूरत की वस्तुएं दूसरे देश से नहीं मंगवा कर हमारे देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि स्वदेशी को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को अपनाते हुए सभी राष्ट्र को प्रथम मानकर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें। उन्होंने व्यापारी वर्ग का आह्वान किया कि जीएसटी की दरों में की गई कमी का लाभ आम उपभोक्ताओं तक आज से ही पहुंचाना शुरू करें।

दिवाली से पहले ही आई खुशियां : ऊर्जा मंत्री

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी आज से लागू होने से पूरे देश में दिवाली के पहले ही खुशियां आई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने और व्यापारियों के साथ ही आमजन को राहत देने के उद्देश्य से जीएसटी की दरों में कमी और दो ही स्लैब रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार के इस निर्णय का लाभ आमजन तक पहुंचाने में व्यापारी वर्ग का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि पुराने स्टॉक की वस्तुओं को भी आज से नई जीएसटी दरों के अनुसार बेचें ताकि उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री के इस महत्वपूर्ण फैसले का लाभ मिले।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि जीएसटी में सरलीकरण की व्यापारी वर्ग की काफी समय से चली आ रही मांग को मानते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कमी करते हुए टैक्स स्लैब भी दो कर दी हैं। दैनिक उपभोग उपभोक्ता की दैनिक उपभोग की कई सारी वस्तुएं शून्य अथवा 5 के स्लैब में रखी गई हैं। उन्होंने जीएसटी दरों में कमी के बारे में व्यापारियों को जागरूक करने एवं इसका लाभ अधिक से अधिक आम उपभोक्ता तक पहुंचाने के लिए कार्यशालाओं के आयोजन का सुझाव दिया। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्णय आम उपभोक्ता के साथ ही व्यापारी वर्ग एवं जीएसटी संग्रहण से जुड़े अधिकारियों के लिए भी लाभप्रद है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से एफएमसीजी सेक्टर में वृद्धि होगी और बिक्री बढ़ेगी। भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने शहर के व्यापारी बंधुओ से आग्रह किया कि वह आज से कम दरों पर वस्तुएं बेचकर जनता को इसका पूरा लाभ पहुंचाएं। उन्होंने वाणिज्य कर विभाग को इस संबंध में एक हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया।

अतिरिक्त आयुक्त वाणिज्य कर विभाग, कोटा सुनीता डागा ने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी कर सुधार के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा कदम है। इससे टैक्स का बोझ कम होगा, व्यापार बढ़ेगा और आम उपभोक्ता को भी राहत मिलेगी। संयुक्त आयुक्त वाणिज्य कर विभाग, कोटा अनुपम शर्मा ने जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 पर किए गए प्रस्तुतीकरण में बताया कि जीएसटी दरों में कमी एवं टैक्स लैब में बदलाव के केन्द्र सरकार के निर्णय से टैक्स प्रक्रिया का सरलीकरण हुआ है। साथ ही, रोजमर्रा के उपभोग की अधिकतर वस्तुएं शून्य से 5 प्रतिशत के दायरे में आ गई हैं इसके अलावा दवाइयां भी शून्य से 5 प्रतिशत के दायरे में आ गई हैं। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में जीएसटी की दरों में कमी का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के बारे में चर्चा के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी के स्लैब को एवं जीएसटी दरों में कमी करने के निर्णय से सोकल फॉर लोकल को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोटा के सभी व्यापारी कम हुई जीएसटी दरों का लाभ आमजन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि कोटा व्यापार महासंघ ने भी जीएसटी की दरों में कमी का लाभ आम उपभोक्ता तक पहुंचाने की दिशा में पूर्ण सहयोग का निर्णय किया है।

बैठक में केमिस्ट एसोसिएशन, कोटा के अध्यक्ष कांति जैन ने बताया कि दवाईयों की एमआरपी पर आज से ही 7 प्रतिशत की कमी कर दवाई उपभोक्ता को बेची जा रही है। 22 से 29 सितंबर तक आयोजित हो रहे जीएसटी बचत उत्सव के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष कांति जैन सहित शहर के व्यापार संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि वाणिज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त मौजी राम मीणा, रत्नेश जैन सहित अन्य अधिकारी एवं व्यापारी वर्ग से जुड़े लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री दिलावर एवं अन्य अतिथियों ने 2 से 4 जनवरी तक आयोजित होने वाले कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के पोस्टर का विमोचन किया।

25 सितंबर को आयोजित होगी कम्प्यूटर टंकण परीक्षा

क्रीड़ा पदक विजेता एवं मृताश्रित राज्य कर्मचारियों की होगी कांप्यूटर टंकण परीक्षा

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर जिले में क्रीड़ा पदक विजेता एवं मृताश्रित राज्य कर्मचारियों मृतक राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति के पश्चात ली जाने वाली कांप्यूटर टंकण गति परीक्षा 25 सितंबर 2025 गुरुवार को आईटी इंफ्रा सर्विस एसपी-41 सी, रीको इंडस्ट्रीयल एरिया, कूकस, जयपुर में आयोजित की जाएगी। 19 सितंबर 2025 को उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र पंजीकृत डाक से जारी किये जा चुके हैं। जिन परीक्षार्थियों को 23 सितंबर 2025 तक प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हुए हों तो, वे दिनांक 24 सितंबरए 2025 को शाम 4 बजे तक जिला कलक्टर जयपुर में संस्थापन अधिकारी कक्ष से प्रवेश पत्र की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

सांस्कृतिक निरक्षरता सबसे बड़ी चुनौती : प्रो संजय द्विवेदी

भारतबोध, भारतीयता और हिंदी पत्रकारिता विषय पर संगोष्ठी

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

भिलाई, छत्तीसगढ़। भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रो संजय द्विवेदी का कहना है कि गहरी सांस्कृतिक निरक्षरता और संवेदनहीनता से समाज के सामने गंभीर संकट खड़े किए हैं, जिसमें मीडिया की विश्वसनीयता का मुद्दा भी शामिल है। सच के साथ खड़ा रहना कभी आसान नहीं था। किंतु समय ऐसे ही नायकों को इतिहास में दर्ज करता है, जो समाज का दर्द दूर करने के लिए सच के साथ खड़े होते हैं। वे यहां वसुंधरा संस्था द्वारा आयोजित भारतबोध भारतीयता और हिंदी पत्रकारिता विषय पर आयोजित संगोष्ठी को मुख्यवक्ता की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस संगोष्ठी में प्रतिष्ठित स्तंभकार अनंत विजय, छत्तीसगढ़ साहित्य अकॉदमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विश्वेश ठाकरे अतिथि वक्ता के रूप में शामिल थे। प्रोफेसर द्विवेदी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का 200 सालों का इतिहास रचना, सृजन और संघर्ष का इतिहास है। हमारे यहसी संपादकों-पत्रकारों के बहुत गहरे मूल्यबोध और भाषा की सेवा से हिंदी की दुनिया सर्वव्याप्ती हुई है। मीडिया विहीन समाज के कभी लोकतांत्रिक चेतना का वाहक नहीं हो सकता।

विश्वसनीयता है पत्रकारिता का आधार: यादव

मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि आधुनिक पत्रकारिता में विश्वनीयता पर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने झीरम घाटी की घटना तथा डीमरापाल जगदलपुर में आयोजित स्काउट्स एवं गाईड जम्बुरी का जिक्र करते हुए कहा कि पत्रकारिता में नकारात्मक खबरों का स्थान कम होना चाहिए। सकारात्मक खबरों पर विशेष फोकस होना चाहिए। उन्होंने रायपुर-दुर्ग फोरलेन सड़क निर्माण व तत्कालीन कलेक्टर द्वारा मीडिया से की गई अपील का जिक्र करते हुए कहा कि एक नकारात्मक समाचार समाज को विचलित करता है। वही सकारात्मक समाचार से समाज प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथे स्तंभ होने के नाते समाज को दिशा देने का का काम करता है। मंत्री यादव ने कहा कि देश में अमृतकाल चल रहा है, यह सही मायने में भारत, भारतीय और हिन्दु संस्कृति का अमृतकाल है।

अनंत विजय ने कहा कि भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने हिंदी भाषा के विकास में बहुत महत्वपूर्ण योगदान किया। उनके अलावा भी कई लोग थे जिन्होंने हिंदी के लिए अपनी प्रिंबगी खपा दी। आज अगर हिंदी पत्रकारिता की धमक वैश्विक स्तर पर महसूस की जा रही है तो उनको याद करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता हो या सिनेमा हमें वही समाज को परोसना चहिए जिसमें देश व समाज का हित हो।

इस अवसर अतिथियों ने हिन्दी पत्रकारिता पर केन्द्रित कृति बहुमत के विशेष अंक तथा छत्तीसगढ़ की हिन्दी पत्रकारिता नींव के पत्थर विषय पर आधारित कृति वसुन्धरा के अंक का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के संयोजक विनोद मिश्र ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार लेखिका श्वेता उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रमशीला साहू, हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय तिवारी, विधायक ललित चन्द्राकर एवं अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

एमएनआईटी और ई-आईसीटी अकादमी का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम

एथिकल एआई फॉर नॉलेज डिस्कवरी पर 40 घंटे का आईब्रिड प्रशिक्षण कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। एथिकल एआई फॉर नॉलेज डिस्कवरी पर 40 घंटे का हाइब्रिड प्रशिक्षण कार्यक्रम, एमएनआईटी और ई-आईसीटी अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से 15 सितम्बर 2025 को एनवेएन-1 में उद्घाटित हुआ। इस अवसर की शोभा प्रोफेसर मनोज गौर, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू ने मुख्य अतिथि के रूप में बढ़ाई। अन्य विशिष्ट अतिथियों में प्रोफेसर विनीत सहुला मुख्य अन्वेषक, ई-एंड आईसीटी अकादमी, प्रोफेसर मंजू सिंह कार्यक्रम समन्वयक, सेट्रिक सर्फेस, सम्मानित संकाय सदस्य तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रोफेसर विनीत सहुला के संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने ई-एंड आईसीटी अकादमी की दृष्टि उद्देश्यों, विविध पाठ्यक्रमों तथा उसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्रोफेसर मंजू सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का परिचय दिया और इसके शिक्षण उद्देश्यों पर बल दिया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक तकनीक न होकर जीवन शैली बनचुकी है, अतः इसके नैतिक और उत्तरदायी प्रयोग की आवश्यकता है। समारोह का मुख्य आकर्षण प्रोफेसर मनोज गौर का मुख्य भाषण रहा। उन्होंने यह बताया कि ज्ञान खोज और उससे आगे एक उत्तरदायी भविष्य के निर्माण में एथिकल एआई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता असीम अवसर लेकर आती है, वहीं इसके साथ गंभीर चुनौतियाँ भी जुड़ी हुई हैं, जिनके समाधान हेतु सुदृढ़ शासन व्यवस्था आवश्यक है। आगे, प्रोफेसर गौर ने एक प्रयोग प्रस्तुत किया, क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता आपका दृष्टिकोण बदल सकती हैश्इस विचारोत्तेजक उद्धरण ने यह दर्शाया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता किस प्रकार धारणाओं और निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है और इसके उपयोग में उत्तरदायित्व, पारदर्शिता तथा जवाबदेही की अनिवार्यता को उजागर किया। उद्घाटन सत्र का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथहुआ, जिसने एक ज्ञानवर्धक और प्रभावशाली शिक्षण यात्रा की नींव रखी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के विजन अनुसार राज्य के पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेसा ट्रेवल मार्ट

पेरिस में राजस्थान पवेलियन का हुआ उद्घाटन

ब्यूरो चीफ (विधि)/ परिष्कार पत्रिका



जयपुर। फ्रांस के पेरिस शहर में 23 सितम्बर से 25 सितम्बर 2025 तक आयोजित हो रहे आईएफटीएम टॉप रेसा ट्रैवल मार्ट में राजस्थान पर्यटन विभाग भी भाग ले रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में राजस्थान राज्य के पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से आईएफटीएम टॉप रेसा ट्रैवल मार्ट पेरिस में भाग लिया जाकर, प्रमुख सचिव पर्यटन राजेश कुमार यादव द्वारा राजस्थान पवेलियन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर निजी क्षेत्र के उद्यमीए फ्रांसीसी मीडिया और अन्य आमंत्रित जन उपस्थित रहे।

प्रमुख सचिव पर्यटन राजेश कुमार यादव ने बताया कि राजस्थान पवेलियन में स्थानीय टूर ऑपरेटरों, मीडिया, प्रभावशाली लोगों, ब्लॉगर्स आदि के लिए एक रोड शो होगा और फ्रांस में भारतीय दूतावास द्वारा एक और रोड शो की योजना बनाई जा रही है। राजस्थान हर साल बड़ी संख्या में फ्रांसीसी पर्यटकों का स्वागत करता है। इस भागीदारी का उद्देश्य राज्य के पर्यटन को बढ़ावा देना है।

साहित्यकार के पास दृष्टि एवं भाव बोध होना आवश्यक : डॉ भारद्वाज

कथाकार रजनी मोरवाल के कथा संग्रह हवाओं से आगे पर चर्चा-विमर्श का आयोजन

रचना पढ़कर पाठक समृद्ध हो तभी लेखन सार्थक : डॉ अग्रवाल

ब्यूरो (फारूख आफरीदी)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सभागार में प्रगतिशील लेखक संघ जयपुर की ओर से वरिष्ठ कथाकार रजनी मोरवाल के कहानी संग्रह हवाओं से आगे पर साहित्यिक विमर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि-लेखक प्रेमचंद गांधी ने किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ हेतु भारद्वाज ने कहा कि साहित्यकार के पास दृष्टि और भाव-बोध दोनों होना आवश्यक है। आधुनिकता केवल फैशन का माध्यम है, जबकि भाव-बोध लेखक की मानसिकता से गहराता और रचना में ढलकर स्थायी हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि विमर्श और आंदोलनों से साहित्य को अपेक्षाकृत नुकसान ही पहुँचाया है, क्योंकि हर स्त्री पात्र की कहानी स्त्री विमर्श नहीं होती। रचना का मूल्यांकन उसकी समग्रता में होना चाहिए। डॉ भारद्वाज ने भाषा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि भाषा ही लेखक का सबसे बड़ा निवेश है। भाषा पर गहरी पकड़ ही रचना को श्रेष्ठता प्रदान करती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जाने माने लेखक डॉ दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने कहा कि आलोचकों की टिप्पणियाँ और दृष्टिकोण हमेशा लेखक के लिए उपयोगी होते हैं। कथाकार सामान्य पाठक को ध्यान में रखकर लिखता है, लेकिन जब प्रबुद्ध पाठक इन पर प्रतिक्रिया देते हैं तो लेखक अपने लेखन को और बेहतर बनाने की ओर प्रेरित होता है। उन्होंने कहा कि रजनी मोरवाल की कहानियाँ समय के साथ शिल्प और सरोकार दोनों स्तरों पर बदलती रही हैं। कहानी की सबसे पहली अपेक्षा पठनीयता होती है और यदि कहानी पाठक के मन को पकड़ ले तो वही उसकी सफलता है। रचना पढ़कर पाठक समूह हो तभी लेखक सफल माना जाता है। कहानी यदि पाठक की चेतना को झकझोर सके, तो वह सार्थक होती है। रजनी की कहानियाँ इसी कसौटी पर खरी उतरती हैं।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज ने कहा कि रजनी मोरवाल का कथा लेखन 2014 से प्रारंभ हुआ और उनका अनुभव संसार अत्यंत विस्तृत है। देश के विभिन्न हिस्सों में रहकर उन्होंने जीवन को नजदीक से देखाऔर उनकी कहानियों के अधिकांश प्लॉट प्रत्यक्ष अनुभव से गढ़े गए हैं। भारद्वाज ने कहा कि संवेदनशील लेखक का यही गुण है कि वह घूमते-फिरते भी वहाँ के लोगों, उनके जीवन, चरित्र और संघर्ष से गहराई से जुड़ता है। उन्होंने माना कि इस संग्रह की कहानियाँ स्त्री संघर्ष पर केन्द्रित हैं। ये नायिका प्रधान कथाएँ हैं जिनमें स्त्री का संघर्ष मुखरता से प्रकट हुआ है। इनके लेखन में परिवेश का चित्रण, वातावरण की प्रस्तुति और चरित्रों का मनोविज्ञान गहराई से उभरकर सामने आता है। इनकी लताओं में स्त्री कमजोर नहीं पड़ती बल्कि संघर्ष करती है और स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम है।

इससे पूर्व मुख्य वक्ता वरिष्ठ आलोचक डॉ रजारामभाबू ने कहा कि हिंदी का सृजन परिदृश्य समूह और विविधतापूर्ण है। साहित्य की लगभग सभी विधाओं में महत्वपूर्ण लेखन हो रहा है और पिछले दो दशकों में कई उल्लेखनीय कृतियाँ सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि अराजकता और शोषण के इस दौर में जीवन के सभी हल्कों से उठती आवाजें एक सुखद बदलाव का संकेत हैं। भाबू ने कहा कि कभी साहित्य में स्त्रियों की उपस्थिति कम थी, किंतु पिछले दो दशकों में वे पुरुषों के बराबर आ गई है। यह केवल संख्या की दृष्टि से ही नहीं बल्कि रचनात्मक गुणवत्ता के स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने रजनी मोरवाल को आधुनिक बोध की कथाकार बताते हुए कहा कि आधुनिकता और आधुनिक बोध अलग-अलग धाराएँ हैं। आधुनिकता फैशन है, जबकि आधुनिक बोध आधुनिकता की आलोचना है। आधुनिक समाज, नई जीवन शैली, रहन-सहन, खानपान और पहनावे की झलक उनकी कहानियों में मौजूद है। इनकी रचनाओं में पात्र एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी और सहानुभूति की भावना से भरे होते हैं। कथानक की बुनावट में उनकी सरलता और स्त्री दृष्टि का संतुलन उन्हें एक विशिष्ट कथाकार बनाता है।

इस अवसर पर कथाकार उपन्यासकार रजनी मोरवाल ने अपने सृजन की चर्चा करते हुए कहा कि वे कहानियाँ इसलिए लिखती हैं क्योंकि जीने का और कोई बेहतर और सार्थक तरीका उन्हें नहीं आता। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा रहती है कि कहानियाँ में स्त्री विमर्श और सामाजिक चेतना का संदेश अवश्य हो। इस अवसर पर कवि, लेखक डॉ सुंदरम् शांडिल्य ने कहा कि ये कहानियाँ जाग्रत नागरिक बोध की कहानियाँ हैं, जिनका केंद्रीय तत्व प्रेम है। हिंसा, युद्ध, अमानवीयता और श्रेष्ठाचार के इस दौर में प्रेम की सर्वाधिक आवश्यकता है। रजनी मोरवाल प्रगतिशील विचारों की सजग लेखिका हैं। इनमें मारेबाज़ी नहीं बल्कि जीवन के अनुभव और संवेदना का सच मौजूद है। उषा दशोरा ने कहा कि इन कहानियों में स्त्री की स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने स्वतंत्रता को तीन स्तरों-दैहिक, मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक में विभाजित करते हुए कहा कि दैहिक स्वतंत्रता का चयन स्त्री स्वयं करती है, जबकि मनोवैज्ञानिक स्वतंत्रता समाज के दबाव में तय होती है। डॉ रेखा पांडेय ने कहा कि संग्रह का शीर्षक हवाओं से आगे लेखकीय दृष्टि को रेखांकित करता है, जो नई संभावनाओं की तलाश में है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कथाकार का अपना कैनवास होता है और रजनी मोरवाल ने इसमें अनेक रंग भरे हैं। मंगल मोरवाल ने कहा कि इस संग्रह की हर कहानी एक प्रश्न खड़ा करती है और पाठक को सोचने के लिए विवश करती है। इन कहानियों में सामाजिक चेतना और सकारात्मक संदेश है। भले ही इनके अंत चौंकाने वाले न हों, लेकिन विषयों की विविधता इन्हें अलग पहचान देती है। राजेंद्र बोड़ा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

असिस्टेंट प्रोफेसर चिकित्सा शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा 2025

आयोग ने जारी की 17 विषयों की मॉडल उत्तर कुंजी

अभ्यर्थी 24 सितंबर से ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर चिकित्सा शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा-2024 के अंतर्गत 17 विषयों की मॉडल उत्तरकुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी हैं। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त परीक्षा अंतर्गत इन विषयों की परीक्षा का आयोजन 3 से 4 जुलाई 2025 तक किया गया था। यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तरकुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 24 से 26 सितंबर 2025 को रात्रि 12.00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन दर्ज करवा सकता है। आपत्तियां आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करें। उक्त परीक्षाओं के मॉडल प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। आपत्ति प्रामाणिक स्टैंडर्ड ऑथेंटिक पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाता है, तो उस पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपति शुल्क रु 100 सेवा शुल्क अतिरिक्त निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिकुटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक व वेबिनार ऑब्जेक्शन पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज कराकर प्रति प्रश्न आपति शुल्क रू 100 सेवा शुल्क अतिरिक्त के हिसाब से कुल आपति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा अभ्यर्थी स्वयं भी रिकुटमेंट पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे पर भुगतान कर आपत्तियां दर्ज कर सकता है। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आपत्तियां केवल ऑनलाईन ही प्रस्तुत करें। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नही की जाएगी।

जयपुर से कालवाड़ धाम श्रीधर्म ध्वजा धारी बालाजी की पंचम पदयात्रा 28 सितंबर को

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। श्रीधर्म ध्वजाधारी बालाजी समिति कालवाड़ के तत्वावान में रविवार 28 सितम्बर 2025 को प्रातः 7 बजे विशाल पंचम पदयात्रा सतिमाता मंदिर शास्त्री नगर से रवाना होकर कालवाड़ धाम श्री धर्म ध्वजा धारी बालाजी मंदिर पहुंचेगी। वहां पर मंगला आरती होगी और सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा होगा जिसमें सभी प्रसादी ग्रहण करेंगे। इस विशाल कार्यक्रम के संयोजक तेजप्रकाश धानका ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विद्यायक महाराज बालमुकुंदाचार्य ने अपने कर कमलों से पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए विजय गर्ग संस्थापक महासचिव मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन और पृथ्वीदास महाराज उपस्थित होकर पंचम विशाल पदयात्रा को रवाना करेंगे। समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष शिवनारायण, सह सयोजक गिरेन्द्र शर्मा, रमेशचंद वर्मा सहित सभी पदाधिकारी पदयात्रियों की व्यवस्था संभालेंगे। इस अवसर पर संयोजक तेजप्रकाश ने पंचम पदयात्रा के लिए सभी सहयोग कर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह विशाल यात्रा और भंडारा सभी के सहयोग से पूरा होगा। बालाजी सभी पर असीम कृपा बरसाएंगे।

आईआईएस यूनिवर्सिटी में हुआ थैंक यू गेट टू गेदर का भव्य आयोजन

ब्यूरो चीफ रवि सिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, जयपुर के आईआईएसयू लॉन्स में आभार 2025 थैंक यू गेट-टुगेदर का भव्य आयोजन हुआ। यह विशेष आयोजन नए शैक्षणिक सत्र के स्वागत और छात्र नेतृत्व को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आयोजन की शुरुआत मंगलमयी शिव वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद मिस फ्रेशर यूथी 2025 तनिषा जैन ने स्वागत संबोधन किया। नृत्य प्रस्तुतियों की झड़ी ने दर्शकों का मन मोह लिया सेमी-क्लासिकल डांस, कालबेलिया लोक नृत्य, बॉलीवुड रूम्बा, टॉलीवुड डांस और वेस्टर्न डांस ने मंच पर रंग बिखेरे। आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा इन्वेस्टिचर सेरेमनी एवं ओथ-टेकिंग सेरेमनी, जिसमें आईआई एसयू स्टूडेंट काउंसिल 2025-26 के पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी की शपथ ली। इस अवसर पर चांसलर अमित गुप्ता ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि लीडरशिप केवल पद नहीं, बल्कि समाज और विश्वविद्यालय के प्रति जिम्मेदारी का भाव है। विद्यार्थियों ने सामूहिक गीत, रिकट और फ्यूजन डांस प्रस्तुत कर एकता, विविधता और रचनात्मकता का संदेश दिया। आयोजन का समापन मिस फ्रेशर पीजी 2025 ऋचा कोठारी द्वारा आभार ज्ञापन से हुआ। अंत में डांस पार्टी ने पूरे लॉन को उत्साह और उल्लास से भर दिया। यह कार्यक्रम न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव था, बल्कि छात्रों के नेतृत्व, प्रतिभा और सामूहिक भावना का जीवंत प्रतीक भी बना।

समर्पण संस्था द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

दिवंगत सदस्यों की याद में समर्पण संस्था प्रतिवर्ष 9 सितंबर को मनायेगी प्रेरणा दिवस

समर्पण की भावना से ही बन सकते हैं प्रेरणा की लहर : डॉ बी एल जाटावत

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ भव्य परिष्कार

जयपुर। समर्पण संस्था द्वारा प्रेरणा की लहर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संस्था के दिवंगत सदस्यों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी और उनके जीवन के प्रेरणादायक संस्मरणों का याद किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के प्रधान पथ प्रदर्शक व सेवानिवृत्त आईएएस डॉ बीण् एल जाटावत की अध्यक्षता मे किया गया।

इस अवसर पर संस्था के दिवंगत सदस्यों में पूर्व प्रधान मुख्य सलाहकार व पूर्व जिला न्यायाधीश स्व डॉ उदय चन्द्र बारूपाल, संरक्षक सदस्य व पूर्व जिला न्यायधीश आर के आकोदिया, संरक्षक सदस्य व पूर्व आईएएस सफी मोहम्मद कुरैशी, संरक्षक सदस्य दामोदर प्रसाद गुप्ता व संरक्षक सदस्य गिरीश दूधानी को पुष्पांजलि द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संस्था ने अपने दिवंगत सदस्यों की याद में प्रतिवर्ष 09 सितम्बर को प्रेरणा दिवस मनाने का निर्णय लिया। समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलतराम माल्या ने सभी दिवंगत सदस्यों का जीवन परिचय देते हुए कहा कि संस्था के सभी दिवंगत सदस्य महान कर्मयोगी व प्रेरक व्यक्तित्व के धनी थे। वे विनम्र व परोपकारी होने के साथ हमेशा दूसरों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहते थे। संस्था में समर्पित भाव से पद प्रतिष्ठा से ऊपर उठकर एक सेवक के रूप में सेवा करने को ही महत्व देते थे। इस अवसर पर डॉ बी एल जाटावत ने कहा कि समर्पण की भावना अपनाने से ही प्रेरणा की लहर बन सकते है। हम कुछ ऐसा करें की लोग हमारी अच्छाइयों के लिए मरने के बाद भी याद करते रहें। जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियन्ता व संस्था के संरक्षक सदस्य सीताराम स्वरूप ने अपने संस्मरणों द्वारा प्रेरणादायक विचार व्यक्त किये। गायक कलाकार रमेश कुमार बैरवा व राम अवतार नागरचल ने श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किया।

इस दौरान संस्था के मुख्य सलाहकार रामजी लाल बैरवा, सचिव कमल नयन खण्डेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी एल वर्मा, उपाध्यक्ष बनवारी लाल मेहरडा, उपाध्यक्ष हीरालाल बैरवा, वस्त्र बैंक प्रभारी शेखर चन्देल एआर बी फन्ड्स आदि के साथ अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था के आगामी कार्यक्रम समर्पण समाज गौरव 2025 अवार्ड समारोह की रूपरेखा तैयार कर पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य योगी मनीष विजयवर्गीय ने किया।

सहकारी समितियों की सदस्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सहकार सदस्यता अभियान के अंतर्गत आमजन सहकारी समितियों की सदस्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। इसके लिए सहकारिता विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग से समन्वय कर एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। ऑनलाइन सदस्यता आवेदन पत्र का लिंक राज सहकार पोर्टल https://rajsahakar.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। साथ ही, पैक्स व्यवस्थापक या केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा में सम्पर्क कर भी लिंक प्राप्त किया जा सकता है। सदस्यता ग्रहण करने के इच्छुक व्यक्ति लिंक पर जाकर एसएसओ आईडी के माध्यम से अथवा सीधे ही एसएसओ आईडी पर लॉगिन कर स्वयं ही ऑनलाइन सदस्यता फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिए केवल जनधार नम्बर की आवश्यकता होगी। सहकारिता के स्वयं सदस्यता के द्विक्षत्रन के अंतर्गत अठारह वर्ष या अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति जो संबंधित सहकारी समिति के कार्यक्षेत्र का निवासी हो, ऑनलाइन आवेदन कर समिति की सदस्यता ग्रहण कर सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य में 2 से 15 अक्टूबर तक सहकार सदस्यता अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़कर उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना है। अभियान के अंतर्गत युवाओं और महिलाओं को सहकारी समितियों से जोड़ने पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। सहकारी समितियों की सदस्यता प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन आवेदन का विकल्प भी खुला है।

राज्य स्तरीय आयुर्वेद दिवस समारोह आयोजित

10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

हर वर्ष 23 सितंबर को आयोजित होगा आयुर्वेद दिवस

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव आयुष विभाग सुबीर कुमार ने कहा कि आयुर्वेदिक पद्धतियों ने हजारों वर्षों से जीवन को स्वस्थ बनाए रखा है। राज्य सरकार प्रदेश में उन्नत आयुर्वेद चिकित्सा उपलब्ध करवाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में आयुष औषधालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। आमजन के लिए गुणवत्तायुक्त औषधियां और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कुमार जयपुर के आरआईसी में दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन की सहायता से राज्य वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2025-26 के तहत कुल 348.88 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। इसके अंतर्गत लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत से जयपुर के चाकसू में राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय तथा दूदू एवं बूंदी में एकीकृत आयुष चिकित्सालयों का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2025 से आयुष्मान आरोग्य योजना मां में आयुष चिकित्सा के 20 पैकेज जोड़े गए हैं, जिनके अंतर्गत 79 आयुर्वेद चिकित्सालयों को एम्पैनल किया गया है।

निदेशक आयुर्वेद विभाग आनंद शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद दिवस पूर्व में तिथि के अनुसार आयोजित किया जाता था, अब इसे हर वर्ष 23 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य ग्राम योजना के तहत प्रारंभिक रूप से 210 गांवों का चयन किया गया है। इन गांवों में स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूकता पैदा कर उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ ग्राम बनाया जाएगा। इस कार्य के लिए चयनित ग्रामों को प्रोत्साहन स्वरूप 11 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में आयुर्वेद के प्रो कमलेश कुमार शर्मा ने कहा कि कोरोना काल के दौरान आयुर्वेद ने अहम भूमिका निभाई है। आयुर्वेदिक चिकित्सा ने स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया है। समारोह में आयुर्वेद के प्रो श्रीकृष्ण खांडल ने कहा कि राजस्थान आयुर्वेद में अग्रणी राज्य है। वर्तमान समय में आयुर्वेद के वैभव और उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक व वैज्ञानिक पद्धतियों के कारण ही आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान का भविष्य बनेगा। कार्यक्रम में आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं भामाशाहों, चिकित्सकों, कार्मिकों आदि को सम्मानित किया गया। इससे पहले विशेषाधिकारी डॉ श्रीराम तिवाड़ी ने आयुर्वेद दिवस पर उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चन्द बैरवा की ओर से संदेश वाचन किया। इस दौरान आयुर्वेद विभाग के शासन उपसचिव इंद्रजीत सिंह, निवर्तमान उपसचिव सावन कुमार चायल, आयुर्वेद विभाग की निवर्तमान अतिरिक्त निदेशक मेघना चौधरी सहित विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे।

मोदी यूनिवर्सिटी में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, 25 सितंबर तक

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

लक्ष्मणगढ़। यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में दो सप्ताह के योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 12 सितम्बर से 25 सितम्बर तक यह योग प्रशिक्षण कार्यक्रम सिवानंद योग वेदांत धन्वंतरी आश्रम, केरल के सहयोग से किया जा रहा है। सिवानंद योग वेदांत धन्वंतरी आश्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग, अध्यात्म और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए प्रसिद्ध है। इसकी अनुशासित शिक्षाओं और पारंपरिक पद्धतियों ने दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इस प्रशिक्षण का संचालन सुप्रसिद्ध प्रशिक्षक नटराज सिवानंद कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी स्थित तपोवन में प्राध्यापकों एवं संबद्ध सदस्यों के लिए प्रातः 6.30 से 8.00 बजे तक और विद्यार्थियों के लिए सायं 5.30 से 7.00 बजे तक योग प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और योगिक जीवनशैली के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही यह भी सिखाया जा रहा है कि कैसे योग को दैनिक जीवन में शामिल कर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन बनाया जा सकता है। प्रशिक्षक नटराज सिवानंद ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है, यह जीवन जीने की एक कला है। यह शरीर को लचीला और स्वस्थ बनाता है, मन को शांत करता है और तनाव को दूर करता है। नियमित योगाभ्यास से एकाग्रता, स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है बल्कि सकारात्मक सोच को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि मोदी यूनिवर्सिटी का यह प्रयास संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मविकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी को इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है ताकि अधिक से अधिक लोग योग के लाभ उठाकर अपने जीवन को संतुलित और स्वस्थ बना सकें।

वार्ड 70 में शुरू किया सफाई अभियान

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वार्ड 70, नगर निगम जयपुर ग्रेटर मानसरोवर में सफाई अभियान का शुभारंभ दिनांक 22 सितम्बर 2025 नवरात्र स्थापना दिवस को प्रातः 7.30 बजे से किया गया। अभियान की शुरुआत पार्षद कार्यालय वरुण पथ मानसरोवर से की गई। मुख्य अतिथि विपिन सिंघल मंडल अध्यक्ष रहे साथ ही प्रमुख कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। पार्षद रामावतार गुप्ता ने बताया कि वार्ड में दीपावली महापर्व से पूर्व पूरे वार्ड को कचरा मुक्त कराया जाएगा जिस के लिए वार्ड की जनता से भी सहयोग करने के लिए आग्रह किया कि दीपावली महापर्व पर अपने घरों का कचरा, डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ी में ही डाले, साथ ही वार्ड के सफाई योद्धाओं से भी आग्रह किया कि दीपावली महापर्व पर सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करे। वार्ड के सेवा पखवाड़ा मंडल संयोजक प्रदीप शेखावत ने सभी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों को धन्यवाद दिया।

आरजीएचएस योजना के प्रभावी संचालन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

ब्यूरो चीफ अंशुल किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। योजना के प्रभावी संचालन के सावकुशाय पारदर्शिता पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है, ताकि लाभार्थियों को योजना का लाभ लेने में किसी तरह की परेशानी नहीं आए। इसी दिशा में योजना के तहत यूरोलॉजी में कम संख्या में पैकेज बुक करने वाले 50 अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संतोषजनक कारण नहीं होने की स्थिति में इन अस्पतालों को डिपैनल करने की कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आरजीएचएस योजना के सुचारु संचालन की दिशा में लगातार जरूरी कदम उठा रहा है। अस्पतालों को भुगतान, पैकेज की दरों सहित अन्य विषयों पर समय-समय पर निर्णय लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजना के लाभार्थियों सहित सभी हितधारकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, लेकिन बिना वाजिब कारण अगर कोई अस्पताल उपचार उपलब्ध करवाने में आनाकानी करता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह संज्ञान में आने पर कि वित्त वित्त वर्ष में कुछ अस्पतालों ने आरजीएचएस योजना में यूरोलॉजी से संबंधित उपचार के पैकेज कम बुक किए हैं, उन अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजीतलाल अटल ने बताया कि ज्यादातर अस्पतालों में यूरोलॉजी से संबंधित उपचार किया जा रहा है। पिगत माह में करीब 9 हजार रोगियों ने आरजीएचएस योजना में यूरोलॉजी से संबंधित उपचार लिया है। ऐसे 50 अस्पताल चिन्हित किए गए हैंए जिन्होंने पैकेज कम बुक किए हैंए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

प्राध्यापक एवं कोच स्कूल शिक्षा प्रतियोगिता परीक्षा 2024, आयोग ने जारी की राजनीति विज्ञान विषय की विचारित सूची

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक एवं कोच स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत राजनीति विज्ञान विषय के पदों हेतु विचारित सूची जारी की गई है। सूची में 6 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच लिए अस्थाई रूप से सम्मिलित किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि यह सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है। यह चयन सूची अथवा वरीयता सूची नहीं है। अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची संबंधित विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन कराए जाने के पश्चात आयोग द्वारा जारी की जाएगी।

उक्त परीक्षा की विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरने होंगे। विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने का लिंक 29 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 रात्रि 11.59 तक खोला जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन तथा दस्तावेज सत्यापन के संबंध में आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना भी आवश्यक रूप से सुनिश्चित करनी होगी।

माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा की जाएगी विस्तृत आवेदन-पत्र व दस्तावेजों की जांच : विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किए गए सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने एसएसओ आईडी के माध्यम से रिक्रूटमेंट पोर्टल पर मय रिक्रूटमेंट-डीटेल्ड फॉर्म कम स्क्रूटनी. अस्थाई लाउ का चयन कर अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भरें। विस्तृत आवेदन-पत्र व दस्तावेजों की जांच संबंधित विभाग माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा ही की जायेगी। अतः ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने व सबमिट करने के उपरांत प्रिंट ऑउन पर जाकर सम्पूर्ण विस्तृत आवेदन पत्र को 02 प्रतियों में प्रिंट कर अपने पास संभाल कर रखें तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग की सूचना के अनुसार निर्धारित दिनांक, समय व स्थान पर विस्तृत आवेदन-पत्र दो प्रतियों में मय समस्त मूल दस्तावेजों व स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित उपस्थित होवें। इस हेतु संबंधित विभाग द्वारा ही उचित माध्यम से अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचित कराने की कार्यवाही संपादित की जायेगी एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अलग से कोई सूचना अभ्यर्थियों को प्रेषित नहीं की जायेगी। विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को अपात्र मानते हुए परिणाम में विचारित नहीं किया जायेगा। संबंधित विभाग से दस्तावेज जांच/सत्यापन उपरांत, पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभाग द्वारा आयोग को भेजी जाएगी, जिसके उपरांत आयोग द्वारा परिणाम जारी कर चयनित अभ्यर्थियों के नाम नियुक्ति हेतु संबंधित विभाग को अभिस्तावित किए जायेंगे। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों व नियमों के अनुसार की जाएगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता रद्द कर दी जाएगी।

386 अभ्यर्थी अयोग्य घोषित : उक्त परिणाम के अंतर्गत आयोग द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प नहीं भरने के कारण 386 अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु अयोग्य घोषित किया गया है। इन अभ्यर्थियों के रोल नंबर पृथक से आयोग की वेबसाइट पर जारी किए गए हैं।

पत्रकारिता का एक मात्र लक्ष्य सेवा

हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। दहमीं कलां स्थित हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में भारतीय पत्रकारिता मिशनरीज से डिजिटल तक विषय पर विशेष व्याख्यान माला के अंतर्गत हिंद समाचार समूह के निदेशक अरविंद चोपड़ा का व्याख्यान आयोजित हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सीमा चोपड़ा भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो एन के पाण्डेय ने की। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत में अनेक भाषाएं सहअस्तित्व के साथ अस्तित्व में हैं। इस संदर्भ में उन्होंने गांधीजी के संस्मरण साझा किए।

अपने उद्बोधन में अरविंद चोपड़ा ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब केसरी समूह और अपने परिवार के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने आपातकाल के दौर में समूह द्वारा झेली गई चुनौतियों तथा ब्रिटिश काल में पत्रकारिता के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार किसानों ने अपने ट्रैक्टरों के इंजिन से ऑफसेट मशीन चलाई। चोपड़ा ने अपने समूह के समाचार पत्र की सामाजिक सौहार्द स्थापित करने में भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि पत्रकारिता में आज सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता का संकट है। अंत में चोपड़ा एवं सीमा चोपड़ा ने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया। मुख्य वक्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सत्येंद्र बसवाल ने कहा कि पत्रकारिता का एकमात्र लक्ष्य सेवा है। कार्यक्रम के समापन पर हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन विश्वविद्यालय के अकादमिक एवं प्रशासनिक समन्वयक डॉ रत्न सिंह शेखावत ने किया।

सेंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल

[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]

प्रवेश प्रारंभ 2025-26

- : विशेषताएं : -

न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, खेलकूद प्रतिस्पर्धाएं, साप्ताहिक बाल सभा, उचित वाहन सुविधा एवं समय-समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।

सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान मो. 9414784593

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार, अंशुल किरार